दिल्ली परिवहन निगम
रा.रा.क्षेत्र, दिल्ली सरकार,
सिन्धिया हाउस, नई दिल्ली
Tel Nos. 011-23752769-75, Fax-011-28844188
E.mail-dtc@bol.net.in, Website- www.dtc.nic.in

सं0ःटीआर / 5 / (प्र0मै0) / 19 / 2012 / 1120 दिनांकरू. 12ण्11ण्2012

अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला–2012 का आयोजन दिनांक 14 नवम्बर से 27 नवम्बर, 2012 तक भारतीय व्यापार मेला प्राधिकरण द्वारा प्रगति मैदान में किया जाएगा । मेले में आम जनता के लिए प्रवेश दिनांक 19. 11. 2012 से 27. 11. 2012 तक होगा ।

दर्शकों की सुविधा के लिए दिनांक 19. 11. 2012 से 27. 11. 2012 तक निगम द्वारा निम्नलिखित विशेष बस सेवाएं साधारण किराए से चलाई जाएगी :–

स्थान से	स्थान तक	रूट संख्या	बसें
प्रगति मैदान टर्मिनल	प्रगति मैदान टर्मिनल	तीव्र मुद्रिका (+)(–)	10
नन्द नगरी टर्मि0	प्रगति मैदान टर्मिनल	261	10
नांगलोई जे.जे कॉलोनी	प्रगति मैदान टर्मिनल	980	15
रिठाला	प्रगति मैदान टर्मिनल	990	10

सम्बन्धित डिपो प्रबन्धक यह सुनिश्चित करेंगे कि उपरोक्त विशेष बसों के गंतव्य पट्‌टो पर ''व्यापार मेला–2012'' दर्शायें ।

रूट संख्या– तीव्र मुद्रिका की बसें प्रगति मैदान टर्मिनल से दोनों दिशाओं में वाया भैरों मन्दिर रोड़, भैरों मार्ग, रिंग रोड़ होकर चलेंगी तथा रेलवे क्रासिंग रिंग रोड़ की फेयर स्टेज की जगह प्रगति मैदान फेयर स्टेज लागु होगी । शेष फेयर स्टेजों में कोई बदलाव नही है ।

रूट संख्या– 261 की बसें प्रगति मैदान आते समय दिल्ली गेट, रिंग रोड होकर आएगी तथा वापसी में नन्द नगरी जाते समय वाया मथुरा रोड होकर आगे अपने निर्धारित वाया से चलेंगी । प्रगति मैदान से चलने वाली व समाप्त होने वाले फेरों में रेलवे ब्रिज की फेयर स्टेज की जगह प्रगति मैदान व वापिसी में आई.टी.ओ ए.जी.सी.आर फेयर स्टेज की जगह सुप्रीम कोर्ट की फेयर स्टेज लागु होगी । शेष फेयर स्टेजों में कोई बदलाव नही है।

रूट संख्या– 990 की मेला स्पेशल बसें प्रगति मैदान से शिवाजी स्टेडियम तक दोनों दिशाओं में वाया भैरों मार्ग/भैरों मन्दिर रोड़, मथुरा रोड़, प्रगति मैदान मैट्रो स्टेशन, सिकन्दरा रोड़, मण्डी हाउस, बाराखम्बा रोड़, कनॉट पैलेस तथा आगे रूट 990 के निर्धारित वाया से चलेगी । इन रूटों के फेयर स्टेज प्रगति मैदान, सुप्रीम कोर्ट, मण्डी हाउस क्रमशः 1, 2 व 3 नम्बर होगी तथा आगे शिवाजी स्टेडियम से रिठाला तक इसी क्रमवार में क्रमांक संख्या 3 की बढ़ोतरी होती रहेगी । रिठाला से शिवाजी स्टेडियम के फेरों में दोनों दिशाओं में पुरानी फेयर स्टेज ही लागु रहेगी ।

सम्बन्धित डिपो प्रबन्धक व्यापार मेले के नजदीक से होकर गुजरने वाले रूटों की बस सेवा के नियमित एवं सुचारू परिचालन को भी सुनिश्चित करेंगे ।

क्षेत्रीय प्रबन्धक (एस.बी.यू) प्रगति मैदान व्यापार मेले में चलने वाली सेवाओं के सुनिश्चित परिचालन की व्यवस्था करेंगे तथा आवश्यकता अनुसार यहां समय पालक/चैकिंग स्टाफ की तैनाती करेंगे । प्रभारी (ग्राफिक सैल) प्रगति मैदान टर्मिनल पर उपरोक्त रूटों की अस्थाई रूट प्लेट लगायेंगे ।

क्षेत्रीय प्रबन्धक (एस.बी.यू) उपरोक्त प्रबन्धों के एक मात्र प्रभारी होंगे ।

(ए0 के0 गोयल)
मुख्य महाप्रबन्धक (याता0)

<u>सभी सम्बन्धित डिपो प्रबन्धक</u>

प्रतिलिपि :–

1– वरि0प्रब0 (अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक कार्यालय) को सूचनार्थ।
2– मुख्य महाप्रबन्धक(ओ0) महोदय को सूचनार्थ ।